NYC HEALTH+ HOSPITALS

Bill de Blasio
Mayor

Office of Immigrant Affairs
Nisha Agarwal
Commissioner

दिसंबर 2016

# न्यू यॉर्क के प्रवासी नागरिकों के लिए खुला पत्र

चिकित्सक के पास, क्लिनिक, अस्पताल या आपातकालीन कक्ष में जाने से न डरें। प्रवास अवस्था या भुगतान की क्षमता की परवाह किए बिना, न्यू यॉर्क शहर में सभी प्रवासियों को चिकित्सकीय देखभाल मिल सकती है। हम चाहते हैं कि आप बिना डरे किसी भी हाल में देखभाल प्राप्त करें।

NYC Health + Hospitals न्यू यॉर्क शहर में, सार्वजनिक अस्पताल और स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र चलाते हैं। हम आपका सम्मान करते हैं और वह स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करने में आपकी मदद करना चाहते हैं, जिसका आपको अधिकार है। जब आप हमारी स्वास्थ्य देखभाल सुविधा में आते हैं, तो हम आपके प्रवासी अवस्था की जानकारी एकत्र नहीं करते हैं और हम मरीज़ की अनुमति के बिना या कानून द्वारा ऐसा करना आवश्यक न होने पर कभी मरीज़ की जानकारी नहीं देते हैं। हमारा स्टाफ़ इसे निजी और गोपनीय रखेगा। हमारे स्वास्थ्य केंद्र और अस्पताल का सभी की देखभाल करने का एक लंबा और गौरवान्वित इतिहास है। हमारी प्रतिबद्धता दृढ़ है। ये बदली नहीं है।

**हम, सभी प्रवासियों को वचन देते हैं:**

न्यू यॉर्क शहर की, प्रवासी अवस्था और अन्य गोपनीय जानकारी की रक्षा करने की नीति है। NYC Health + Hospitals आपकी गोपनीयता के अधिकार का सम्मान करेगा।

NYC Health + Hospitals के सार्वजनिक अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्र, पूरे न्यू यॉर्क शहर में आपके पड़ोस में स्थित हैं तथा विभिन्न भाषाओं में सेवाएँ प्रदान करते हैं। हम, सप्ताह के 7 दिन, 24 घंटे, 200 भाषाओं में निःशुल्क अनुवादीय सेवाएँ प्रदान करते हैं और अपने मरीज़ों की पसंद की मुख्य, 13 भाषाओं में अनुवादित मरीज़ शिक्षा सामग्रियाँ प्रदान करते हैं। हमारे चिकित्सक, नर्सें और अन्य स्वास्थ्य देखभाल कार्यकर्ता आपकी देखभाल करते हैं। उनमें से कई प्रवासी हैं या प्रवासियों के बच्चे हैं। वे सम्मान के साथ आपकी सेवा करना चाहते हैं और आपकी गोपनीयता की रक्षा के लिए कार्य करेंगे।

जारी ▶

आपके लिए आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करने में आपकी मदद के लिए विभिन्न विकल्प उपलब्ध हैं। सभी बच्चे और गर्भवती महिलाएँ स्वास्थ्य बीमा प्राप्त कर सकती हैं - भले ही आपके पास कानूनी अवस्था न हो। NYC Health + Hospitals के कर्मचारी आवश्यक बीमा प्राप्त करने में आपकी मदद कर सकते हैं। NYC Health + Hospitals आपके पास बीमा न होने और स्वास्थ्य देखभाल के लिए अधिक धन खर्च न कर पाने पर भी आपकी मदद करेगा। आपातकालीन देखभाल, चिकित्सक के दौरे, इलाज, लंबे-समय के देखभाल और अस्पताल में निवास सहित, यह सभी प्रकार की स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए सही है। आप कितना खर्च कर सकते हैं, इसका पता लगाने के लिए, हमारे स्टाफ़ आपकी कमाई और आपके परिवार के सदस्यों की संख्या के बारे में कुछ जानकारी लेंगे। आपको अपने घर का पता, पहचान का कोई सबूत और अपनी जन्मतिथि दिखाने की आवश्यकता होगी। हम चाहते हैं कि आप बीमार पड़ने से पहले या आपातकाल की स्थिति आने से पहले आवश्यक देखभाल प्राप्त करें।

NYC Health + Hospitals ने सभी के लिए उपलब्ध IDNYC, नगर निगम पहचान कार्ड के साथ भी भागीदारी की है जो मरीज़ों के लिए पहचान का स्वीकृत स्वरुप है जिसे चेक-इन और पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान उपयोग किया जा सकता है।

**हमारी नीति स्पष्ट है,** NYC Health + Hospitals कर्मचारी, मरीज़ की अनुमति के बिना या कानून द्वारा ऐसा करना आवश्यक न होने पर किसी भी अन्य व्यक्ति को आपकी जानकारी नहीं दे सकते हैं। हमारे सभी कर्मचारी जानते हैं कि यदि वे इस वचन को तोड़ते हैं तो वे अपनी नौकरी खो सकते हैं। हम समझते हैं कि यही एक तरीका है जिससे हम आपका विश्वास बनाए रख सकते हैं।

**इसके अतिरिक्त, भोजन, शिक्षा, कानूनी सेवाओं, सार्वजनिक सुरक्षा और अधिक सहित शहर की अन्य सेवाएँ आपके लिए उपलब्ध हैं।** हम, न्यू यॉर्क के प्रवासी नागरिकों को अपने और अपने परिवार के लिए उपलब्ध शहर की महत्वपूर्ण सेवाओं का उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित करते हैं।

सार्वजनिक अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों की सूची, IDNYC जैसे साधनों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने या NYC Health + Hospitals अथवा मेयर का प्रवासी प्रशासन कार्यालय (Mayor's Office of Immigrant Affairs) को संदेश भेजने के लिए 311 पर कॉल करें।

न्यू यॉर्क के प्रत्येक नागरिक का सशक्तिकरण हमारा उद्देश्य है - अपवाद के बिना - भरपूर सेहत के साथ जीने के लिए।.



**STANLEY BREZENOFF**
अंतरिम अध्यक्ष और CEO
NYC Health + Hospitals



**NISHA AGARWAL**
कमिशनर
मेयर का प्रवासी प्रशासन कार्यालय

#NYCHealth4All

www.nychealthandhospitals.org